न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विभिन्न पत्र संख्या : 17/2024

प्रार्थी

गिरधारी ~~राम~~ लाल

अप्रार्थी

बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार झंवर

किस्म मुकदमा– राजस्व विभिन्न प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 131,136 भू.राजस्व अधिनियम

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15/4/2024	प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 भू राजस्व अधिनियम का प्रार्थना पत्र ग्राम बोरानाडा के खसरा नम्बर 460/314 गैर मुमकिन सडक को राजकीय खाते मे दर्ज करने एव ऑन लाईन तरमीम/ट्रेस लठा की तरमीम शुद्वि किया जाने हेतु प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेश किया गया । प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को समन जारी किये गये तथा तहसीलदार झंवर से मौका जॉच रिपोर्ट मगवाये जाने हेतु तहरीर जारी कि गई। तहसीलदार झंवर के पत्र कमांक/कोर्ट/2024/178 दिनांक 09.04.2024 के द्वारा प्रकरण मे मौका जॉच रिपोर्ट प्राप्त हुई मौका जॉच रिपोर्ट मे तहसीलदार झंवर द्वारा हल्का पटवारी की मौका फर्द दिनाक 02.04.2024 के अनुसार ग्राम बोरानाडा के खसरा नम्बर 460/314 एवम खसरा नम्बर 459/314 की ऑन लाईन तरमीम को शुद्ध किया जाने की अनुशषा तहसीलदार झंवर द्वारा की गई। अतः–प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र आंशिक रूप से स्वीकार योग्य होने के कारण प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार झवंर को आदेश दिया जाता है कि ग्राम बोरानाडा के हल्का पटवारी की मौका फर्द जॉच रिपोर्ट दिनांक 02.04.2024 के अनुसार खसरा नम्बर 460/314 एवम खसरा नम्बर 459/314 की जो गलत ऑनलाईन तरमीम हुई उसे मौका फर्द दिनाक 02.04. 2024 के अनुसार ऑनलाईन तरमीम शुद्व किया जावे। हल्का पटवारी की मौका फर्द जॉच रिपोर्ट आदेश का अंग समझा जावे आदेश की पालना हेतु तहसीलदार झवंर को तहरीर जारी हों पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। 15/04/2024 सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी	